प्रावधान कर सरकार ने अपना ठोस इरादा जाहिर कर दिया है। इसके अलावा शिक्षा, चिकित्सा कृषि और आधारभूत सरंचना के निर्माण और विकास के लिए सरकार ने विषेश जोर दिया है। राज्य में विकास का दर लगातार बढ़ रहा है और स्थापना और व्यय के अनुपात को 37:63 के अनुपात में लाने से भी विकास की गति तेज होगी। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए बजट में महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। इस साल का बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए भी खास है क्योंकि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो नये विश्वविद्यालय, कौशल विश्वविद्यालय और फिन-टेक विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव दिया है। इसके साथ ही जमशेदपुर, पलामू, रांची, धनबाद, हजारीबाग और देवघर में स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मास कम्युनिकेशन की भी स्थापना की जायेगी। इस साल का बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए भी खास है। शिक्षा के क्षेत्र में 17,607 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। कौशल विकास के लिए 585 करोड़ का प्रावधान करने से हुनर को सामने लाने और रोजगार के अवसर सृजित करने के रास्ते खुलेंगे। इनके अलावा, हजारीबाग, रांची, धनबाद, दुमका और पलामू में पांच नये विधि महाविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव भी युवाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं।

उद्योग

बजटः 486 करोड़ 31 लाख 61 हजार रुपये

20 हजार करोड़ रुपये का निवेश लाने की है योजना

15 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरकार ने उद्योगों के विकास और विस्तार विशेषकर मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्योगों को प्राथमिकता देते हुए वर्ष 2025-26 में उद्योग विभाग के लिए 486 करोड़ 31 लाख 61 हजार रुपये के बजट का प्रस्ताव रखा है। झारखंड राज्य प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण ऐसा राज्य है। जहां औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं हैं। राज्य सरकार अनुकूल औद्योगिक वातावरण के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत है। इस क्रम में विभिन्न नयी औद्योगिक

नीतियों का सूत्रण किया गया, ताकि न सिर्फ राज्य में पूंजी निवेश का निरंतर प्रवाह बने, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर में उत्तरोत्तर वृद्धि हो सके, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभाग से संबंधित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु 450 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। औद्योगिक नीतियों के तहत आगामी वर्ष में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश लाया जायेगा, जिससे राज्य के लगभग 15 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है। औद्योगिक इकाइयों की देयता के निष्पादन एवं राज्य के औद्योगिक विकास और पूंजीनिवेश हेतु प्रक्षेत्रवार अधिसूचित नीति अंतर्गत स्थापित नये औद्योगिक इकाइयों को देय अनुदान/सब्सिडी के निमित्त राशि का प्रावधान किया गया है। सिंगल विंडो व्यवस्था के तहत निवेशकों को सभी प्रकार की आवश्यक सूचना उपलब्ध करायी जाती है एवं ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। सिंगल विंडो के संचालन हेतु आगामी वित्तीय वर्ष के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में जियाडा अंतर्गत बोकारो, गिरिडीह, कांड्रा, सिंदरी, आदित्यपुर, जसीडीह एवं देवीपुर औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाएं कार्यान्वित की जायेगी। झारखंड तसर रेशम उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर रहा है।

बजट की 10 बड़ी घोषणाएं

1. शिक्षा के लिए

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े एलान किये हैं। प्रदेश में शिक्षा का इनोवेशन हब बनेगा। जमशेदपुर, गुमला तथा साहिबगंज में नये विश्वविद्यालय की स्थापना की जायेगी। राजधानी रांची, खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा में मेडिकल कालेज की स्थापना होगी। जमशेदपुर, पलामू, रांची, धनबाद और देवघर में स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मास कम्यूनिकेशन की स्थापना का प्रस्ताव।

2. बाल बजट

झारखंड के बजट में पहली बार बाल बजट का एलान किया गया है। इसके लिए सरकार ने 9411.27 करोड़ रुपये का प्रविधान किया है।

3. कारोबारियों के लिए

बोकारो, गिरिडीह, कांड्रा, सिंदरी, आदित्यपुर, जसीडीह, देवीपुर औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत संरचना का विकास किया जायेगा।

4. किसानों के लिए

वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए 255 करोड़ रुपये का एलान किया है। फसल बीमा के लिए 350 करोड़, किसानों को कृषि यंत्रों के लिए 140 करोड़, कृषि उपज भंडारण के लिए 259 करोड़, कृषि क्षेत्र का कुल बजट 4 हजार 587 करोड़ 66 लाख 24 हजार रुपये का एलान किया गया है। ग्रामीण विकास का कुल बजट 9841 करोड़ रुपये का है। जल संसाधन के लिए 2257 करोड़ 45 लाख, तालाब- डीप बोरिंग के लिए 203 करोड़, उद्यान विकास योजना के लिए 304 करोड़, पंचायती राज के लिए 2144 करोड़ 78 लाख 14 हजार रुपये का एलान किया गया है। चास, गिरिडीह, धनवार, कपाली, गुमला, लोहरदगा, विश्रामपुर, बरहरवा, श्रीवंशीधरनगर, छत्तरपुर एवं हरिहरगंज में जलापूर्ति परियोजनाओं का एलान किया गया है।

5. मंईयां सम्मान योजना के लिए

मंईयां सम्मान योजना के लिए बजट में बड़ा एलान किया गया है। बजट में मंईयां सम्मान योजना के लिए 13363 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं।

6. पर्यटक स्थलों के लिए

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पर्यटन के क्षेत्र में झारखंड में असीम संभावनाओं को देखते हुए प्रमंडल स्तर पर पर्यटन सर्किट बनाने की घोषणा की। इससे राज्य में रोजगार के अवसर और राजस्व दोनों में इजाफा होगा।

7. परामर्शदातृ समिति की स्थापना

राज्य में टीएसी की तर्ज पर अनुसुचित जाति के लिए परामर्शदातृ समिति की स्थापना की जायेगी।

8. पेंशन के लिए

सर्वजन पेंशन योजना के तहत 3 हजार 850 करोड़ 66 लाख रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है।

9. आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण

प्रदेश में वर्ष 2025 में 2500 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए 250 करोड़ 17 लाख रुपये आवंटित किये गये हैं।

10. कौशल विकास मिशन

10. कौशल विकास मिशन के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 585 करोड़ 99 लाख रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है।

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले



बजटः 2 हजार 863 करोड़ 49 लाख 22 हजार रुपये

धोती-साड़ी-लुंगी वितरण योजना के लिए 600 करोड़ का प्रावधान

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सराकर ने वर्ष 2025-26 में खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के लिए 2 हजार 863 करोड़ 49 लाख 22 हजार रुपये का बजट प्रस्तावित किया है। इनमें झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना का सुगम संचालन एवं किसानों को ससमय उनके धान का मूल्य प्राप्ति को ध्यान में रखते हुए धान अधिप्राप्ति योजना अंतर्गत क्रय किये गये धान से प्राप्त चावल से झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना को संचालित किये जाने के संबंध में कुल 100 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध प्रस्तावित किया गया है। शत-प्रतिशत राज्य योजना के अधीन दाल वितरण योजनांतर्गत लाभुकों को प्रतिमाह एक किलोग्राम चना दाल और नमक वितरण योजनांतर्गत लाभुकों को प्रतिमाह

एक किलोग्राम नमक वितरण सुनिश्चित करने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 720 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध का प्रस्ताव है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से अनाच्छादित गरीब परिवारों को झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजनांतर्गत आच्छादित कर अनाज वितरण के लिए 470 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध का प्रस्ताव है। शत-प्रतिशत राज्य योजना के अधीन संचालित धोती-साड़ी-लुंगी वितरण योजना अंतर्गत 600 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध का प्रस्ताव है। राज्य के किसानों के कृषि उत्पादों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का उचित दर मिले, इसके लिए सरकार कटिबद्ध है। गठबंधन सरकार की घोषणा के अनुरूप किसानों को धान के साथ-साथ लाह, तसर, करंज, इमली, महुआ, चिरौंजी आदि के समर्थन मूल्य में वृद्धि की जायेगी।

ऊर्जा बजट

9 हजार 894 करोड़ 35 लाख 53 हजार रुपये

100 यूनिट बिजली मुफ्त योजना के लिए राशि का प्रावधना

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में गुणवत्तापूर्ण निर्बाध बिजली आपूर्ति करना सरकार का लक्ष्य है। राज्य के सभी घरेलू एवं शहरी उपभोक्ताओं को 200 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली उपलब्ध करायी जा रही है। इस योजना का लाभ लगभग 35 लाख उपभोक्ता उठा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजनांतर्गत 5 हजार 5 करोड़ 9 लाख रुपये व्यय करने का प्रस्ताव है। झारखंड संपूर्ण बिजली आच्छादन योजना के क्रियान्वयन से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत उपलब्धता में वृद्धि हुई है। साथ ही कृषि उपभोक्ताओं हेतु नये विद्युत संरचना का निर्माण भी किया गया है। पतरातू में चार हजार मेगावाट के सुपर थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी विद्युतीकरण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 500 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम-कुसुम योजना अंतर्गत राज्य में सिंचाई कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में कांपोनेंट बी के तहत स्वीकृत 10,000 सोलर पंपसेट की आपूर्ति, अधिष्ठापन एवं पांच वर्ष के रख-रखाव की योजना के लिए राज्य अनुदान के रूप में 150 करोड़ के बजटीय उपबंध का प्रस्ताव है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में विद्युत संचरण संबंधी परियोजनाओं पर कार्य जारी रखने हेतु बजटीय उपबंध का प्रस्ताव किया गया है।

बेहद सामान्य और विरोधाभासी है यह बजट : सरयू राय

रांची (आजाद सिपाही)। जदयू के विधायक सरयू राय ने कहा कि बीते पांच वर्षों में जिस तरीके का बजट पेश होता आया है, यह वैसा ही बजट है। इसे बेहद सामान्य बजट कह सकते हैं। 450 रुपये में सिलेंडर देने का चुनावी वादा किया था, जिसका कोई जिक्र इसमें नहीं है। बजट का आकार कृत्रिम रूप से तो बढ़ा दिया गया है लेकिन मुझे नहीं लगता कि साल भर में सरकार 75 से 80 प्रतिशत धनराशि भी खर्च कर पायेगी। 50 साल के ऊपर वाले जो लोग हैं, उनके पेंशन की स्थिति क्या है, वह सर्वज्ञात है। मंईयां पर जोर है, पहले से जो पेंशन स्कीमें चल रही हैं, उनकी स्थिति को सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं दिखता। विरोधाभासी लगता है यह बजट।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनिरत्न कम्पनी"
Fuelling Sustainable Growth (कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

झारखंड सरकार के बजट में सिर्फ आंकड़ों का खेल : दीपक प्रकाश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने झारखंड सरकार के द्वारा पेश किये गये 2025-26 के बजट को सिर्फ आकार में बड़ा और आंकड़ों का खेल बताया है। इस बजट से राज्य की जनता को कुछ लाभ नहीं होने वाला है। झारखंड सरकार 2029 तक 10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है लेकिन उसकी तैयारी का कोई रोडमैप नजर नहीं आया इस बजट में। पिछले बजट की तुलना में पूंजीगत व्यय में मात्र 7 हजार करोड़ की वृद्धि की गयी है जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। राज्य में युवाओं को कैसे रोजगार उपलब्ध करायेगी यह सरकार इसका कोई विजन नहीं है। यहां कैसे उद्योग लगेंगे, इसकी कोई जानकारी नहीं मिली इस बजट में। सरकार ने स्वास्थ्य बजट में इस बार मात्र 1 प्रतिशत की वृद्धि की है इससे साफ झलकता है कि सरकार के विकास की योजना में स्वास्थ्य का कितना मायने रखता है। सरकार के पिछले बजट के वादों को यदि हम अध्ययन करेंगे तो पायेंगे कि उनका एक भी वादा धरातल पर नहीं उतरा है। अतः यह सरकार घोषणावीर सरकार है, सिर्फ और सिर्फ राज्य की जनता को ठगने और बरगलाने का काम करती है। अतः कुल मिलाकर कहें तो यह बजट अबुआ बजट नहीं बल्कि बबुआ बजट जरूर है।

यह बजट सिर्फ नाम का अबुआ बजट है : प्रदीप वर्मा

रांची (आजाद सिपाही)। राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने हेमंत सरकार के बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह बजट सिर्फ नाम का अबुआ बजट है। इससे गांव, गरीब किसान, मजदूर किसी का भी भला नहीं होने वाला है। सबसे खास बात है कि बजट में कुछ भी नयी घोषणा नहीं है। सरकार ने चुनाव पूर्व 450 रुपये में रसोई गैस देने, धान क्रय में एमएसपी बढ़ाने, हर जिले में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने, रोजगार देने समेत अन्य जो घोषणाएं की थीं, उनके लिए भी बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। कुल मिलाकर पूरे बजट में कहीं कोई विजन नहीं है।

बजट, गठबंधन सरकार की राजनीतिक मजबूरियों का प्रतीकः सुदेश

रांची (आजाद सिपाही)। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री के वक्तव्य में जो बजट झलक रहा है, वह कहीं-कहीं गठबंधन सरकार की राजनीतिक मजबूरियों का प्रतीक लगता है। यह बजट राज्य की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है। इस बजट में न तो नौकरियों का कोई ठोस प्रावधान दिखता है, न ही रोजगार सृजन की कोई योजना। झारखंड, जो लेबर सप्लाई के मामले में अग्रणी राज्य माना जाता है, उसकी इस पहचान मिटाने का कोई प्रतिबिंब इस बजट में नहीं दिखायी देता है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा पेश किये गये 1.45 लाख करोड़ रुपये के बजट (2025-26) में स्वाभिमान, स्वावलंबी विकास, नौकरी नीति और युवा नियोजन जैसे शब्दों का इस्तेमाल तो हुआ है, पर ये महज दिखावे या खानापूर्ति लगते हैं। राज्य की बड़ी युवा आबादी साल-दर-साल सरकारी आश्वासनों के भरोसे समय गंवाती जा रही है। उनके लिए इस बजट में कोई नई उम्मीद नहीं दिखती।

जनता को अनिश्चित और अंधकार की ओर रखने को मजबूर करने वाला बजट है : दीपक बंका

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका ने कहा कि हेमंत सरकार के द्वारा 25-26 वित्तीय वर्ष के लिए बजट पेश की गयी जिसके तहत 145400 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया जो कि पिछले साल के संशोधित अनुमानित बजट के आकार 130718 करोड रुपये बजट के तुलना में लगभग 11 प्रतिशत बड़ा है। स्थापना व्यय का आकार 43 प्रतिशत होना भी चिंताजनक है। सरकारी ऋणों की वसूली जहां 23-24 में 7276 करोड़ रही, वहीं वसूली 2024-25 में 380 करोड़ रुपये मात्र है और 25-26 में मात्र 247 करोड़, जो की सरकार की वित्तीय प्रबंधन की कमजोरी को दर्शाता है। सरकार के द्वारा 20254 करोड़ वेतन मद में अनुमानित व्यय है जबकि आधी रकम 10173 करोड़ पेंशन मद की देयता रहेगी। यह देयता क्रमशः बढ़ती जायेगी। इसके प्रबंधन और जोखिम पर कोई चर्चा नहीं की गयी। पेंशन सिंकिंग फंड में लगभग 750 करोड़ की आवंटन आसन्न देयता को पूर्ण नहीं कर पायेगी। सरकार बार-बार राजकोष के घाटा को कम करने की बात करती रही लेकिन यह घाटा जो 22-23 में 1.01 प्रतिशत था वह अब 2.02 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर सरकार जिस कल्याण या सामाजिक कल्याण के नाम पर मंईयां जैसी कई योजनाओं से लाभांन्वित करने की बात की है, वहीं जनता को विकास से दूर रख कर, विकास की धीमी गति की ओर धकेल कर अनिश्चित और अंधकार की ओर रखने को मजबूर करने जैसी बात परिलक्षित हुई है। पूरे बजट के अध्ययन के उपरांत यह कहीं से भी एक प्रगतिशील बजट नहीं कहा जा सकता। कुल मिलाकर इस बजट से जनता बहुत ज्यादा आशान्वित नहीं हो सकती।

इस बजट से किसान और ग्रामीण सबसे अधिक निराशः रमेश सिंह

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता रमेश सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार का यह बजट राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने में विफल रहेगा। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों और ग्रामीणों की उपेक्षा की गयी है, जो सबसे अधिक निराश करने वाली है। उन्होंने कहा कि 2030 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन सरकार ने यह नहीं बताया है कि यह लक्ष्य कैसे हासिल किया जायेगा। झारखंड सरकार 15 प्रतिशत के दर से विकास दर प्राप्त करने में सफल होगी, इस बजट से किसान और ग्रामीण सबसे अधिक निराश हुए हैं, क्योंकि किसानों की ऋण माफी पर सरकार चुप है। उन्होंने कहा कि सरकार बजट की राशि को खर्च करने के बजाय सरेंडर करवा रही है जिससे सरकार को योजनाओं को धरातल पर उतरने में रुचि नहीं दिख रही।

जनता को आश्वासन और घोषणा वाला बजट : सन्नी टोप्पो

रांची (आजाद सिपाही)। मांडर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किये गये बजट को आश्वासन और घोषणा वाला बजट बताया है। श्री टोप्पो ने कहा कि पिछले छह वर्षों से झारखंड की कांग्रेस, झामुमो और राजद गठबंधन की सरकार जनता के साथ सिर्फ धोखा कर रही है। यह आम बजट भी इस धोखे की एक कड़ी है। रोजगार, भ्रष्टाचार, पलायन, विकास जैसे मुद्दों पर यह सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। मजदूर, किसान, महिला सभी बेहाल हैं। इस सरकार के पास जनहित में काम करने की इच्छाशक्ति ही नहीं है। झूठे आश्वासनों के दम पर आयी यह सरकार, आम बजट के नाम पर पूरे झारखंड को धोखा देने का काम कर रही है। श्री टोप्पो ने कहा कि आदिवासी हितों की बात करने वाली इस सरकार के पास आदिवासियों के कल्याण के लिए कोई योजना ही नहीं है। इस सरकार ने अबुआ बजट के नाम पर एक बार फिर से झारखंड की जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम किया है। श्री टोप्पो ने कहा कि एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में राज्य सरकार फेल हो चुकी है तो दूसरी तरफ केंद्र पर सिर्फ दोषारोपण कर रही है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक
Union Bank of India
Good people to bank with
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India undertaking

वाहन नीलामी बिक्री सूचना
क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद

वाहन जिसका नाम एवं मॉडल निचे दिए गए शेड्यूल में उल्लेखित है, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार सार्वजनिक नीलामी किया जायेगा, उपरोक्त उद्देश्य के लिए अद्योहस्ताक्षरी को बैंक का अधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। संभवित खरीददारों से एतद द्वारा **"जहाँ है, जिस हालत में है और जो है के आधार पर"** नीचे उल्लेखित वाहनों की बिक्री हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित किये जाते है।

क्र० सं०	शाखा एवं संपर्क	ऋणकर्ता	बकाया राशि	वाहन का प्रकार, निर्माण वर्ष एवं पंजीयन सं.	आरक्षित मुल्य एवं ईएमडी
01	GGPS 82924 39566	अंकित मित्तल	रु. 5,85,000/-	TATA PUNCH JH09BC2339, 2023	रु. 3,60,000.00 रु. 36,000.00

नीलामी की तिथि/ समय : 19.03.2025, बुधवार अपराह्न 04:00 बजे
नीलामी स्थल : युनियन बैंक ऑफ इंडिया के संबंधित शाखा में।
बिड एवं ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 18.03.2025, मंगलवार अपराह्न 04:00 बजे से पहले
बीड बढ़ोत्तरी राशि : रु. 10,000.00
सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (पच्चीस प्रातिशत), ईएमडी राशि घटाकर, जो अगले कार्य दिवस तक जमा करनी होगी और शेष राशि का भुगतान बैंकर्स चेक के रुप में नीलामी की तारीख से 15 दिनों के भीतर किया जाना है। किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी किए गए चेक/ IOI को 'शाखा प्रबंधक, युनियन बैंक ऑफ इंडिया, या संबंधित शाखा को RTGS/ NEFT के माध्यम से प्रेषित किया जाना है। अद्योहस्ताक्षरी किसी एक या सभी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए नीलामी को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों की जानकारी एवं वाहन निरीक्षण के लिये कृपया अद्योहस्ताक्षरी से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 03.03.2025 । स्थान : धनबाद
त्रुटि के स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा ।
युनियन बैंक ऑफ इंडिया

AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 187 date 20.02.2025, I, BUDHWA MUNDA son of Naru Munda, resident of Village- Jorar Basti, P.S. Namkum, District- Ranchi (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am an Indian citizen by birth and resident of above mentioned address.
2. That my actual and correct name is BUDHWA MUNDA according to my Voter ID Card being ID No. BBD2597144.
3. That in my Aadhaar Card being UID No. 3505 5117 0315, my name is written as SUKRA MUNDA. 4. That in my Ration Card being Ration Card No. 202004828568, my name is written as BUDHWA MUNDA.
5. That this affidavit is made for the purpose of BUDHWA MUNDA and SUKRA MUNDA is same and one person i.e. myself. 6. That the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief. Sworn and signed on this the 20 day of February, 2025 at Ranchi.

शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 641 दिनांक 21.12.2024 मैं वशिष्ट कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय मुनी सिंह, निवासी वार्ड नंबर 2, मेहदी नगर, हुसैनाबाद पलामू, थाना- हुसैनाबाद, जिला. पलामू, झारखण्ड - 822116, एतद्द्वारा निम्नानुसार पुष्टि एवं घोषणा करता हूँ की 1.- कि मैं जन्म से भारतीय नागरिक हूँ। 2. कि मैं अपने अंकित पते पर रह रहा हूँ। 3. मेरी बेटी के जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार परी कुमारी सत्य और सही नाम है, लेकिन गलती से आधार कार्ड संख्या 6905 6404 4858 में बेटी का नाम सोन परी के रूप में अंकित हो गया। 4. मेरी पुत्री का नाम सोन परी के स्थान पर परी कुमारी करने हेतु आवश्यक संशोधन। 5. वह परी कुमारी और सोन परी दोनों का नाम एक है 6. यह कि मेरी पुत्री की जन्मतिथि 01.01.2010 है। 7. यह कि मेरे उपरोक्त कथन सत्य एवं सही हैं। 8. इसलिए यह शपथ पत्र मेरी बेटी के आधार कार्ड में नाम सुधार के लिए है।

शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 731 दिनांक 01.03.2025 मै प्रभाकर सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह, उम्र लगभग 24 वर्ष, हिन्दू धर्म , ग्राम भुसाई, पी.ओ. पी.एस. इचाक, जिला - हजारीबाग (झारखंड) का निवासी, एतत्द्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूँ तथा निम्न प्रकार घोषित करता हूँ:-
1. कि मेरा आधार कार्ड संख्या 9211 4005 3272 प्रभाकर सिंह के नाम पर है जो सही है। 2. कि मेरा पैन कार्ड संख्या KUDPS8474M प्रभाकर सिंह के नाम पर है जो सही है। 3. कि बैंक ऑफ इंडिया, इचाक मोड़ शाखा, हजारीबाग का बचत बैंक खाता संख्या 493810510000538 प्रभाकर सिंह के स्थान पर प्रभाकर कुमार सिंह के नाम पर है। 4. कि प्रभाकर सिंह और प्रभाकर कुमार सिंह एक ही व्यक्ति हैं।
5. कि उक्त बैंक खाते में मेरा नाम प्रभाकर सिंह के रूप में सुधारा जाए।

विकास को नयी दिशा देने वाला बजट: सुदीप गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किये गये बजट को राज्य के विकास को नयी दिशा प्रदान करने वाला बताते हुए कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने एक लाख 45 हजार 400 करोड़ का ऐतिहासिक बजट पेश किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 13 फीसदी अधिक है। उन्होंने कहा कि यह बजट झारखंड की शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अधोसंरचना और सामाजिक कल्याण को मजबूती देने के साथ-साथ युवाओं, किसानों और मजदूरों के सशक्तीकरण का रोडमैप तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि संतुलित, समावेशी और विकासोंमुखी बजट झारखंड को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की ओर एक बड़ा कदम है। इसके लिए उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री का आभार जताया।

कल्पना सोरेन को दी जन्मदिन की बधाई

विधायक सुदीप गुड़िया ने सोमवार को गांडेय की विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और उनके सफल जीवन की कामना की।

झारखंड बजट जानता के अनुकूल : शशि भूषण राय

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री शशि भूषण राय की ओर से झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा प्रस्तुत झारखंड बजट की सराहना करते हुए, इस बजट को लोगों के अनुकूल और राज्य के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को इस बजट के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस बजट में लोगों के अनुकूल कई पहलें शामिल हैं, जैसे जनता की जरूरतें पर विशेष ध्यान दिया गया है। ग्रामीण विकास पर फोकस किया गया है, वहीं प्रदेश के आर्थिक हालात को लेकर उम्मीदे जताई गईं है , सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं पर हमारी हेमंत सोरेन जी की आबूआ सरकार केंद्रित रहेगी, यह बजट के प्रावधानों से सीधा पता चलता है।

युवाओं किसानों के लिए बजट में कुछ भी नहीं: अमित मंडल

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के द्वारा प्रदेश कार्यालय में झारखंड बजट भाषण को सुना गया। इसकी अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जेपी शर्मा ने की। इसके बाद प्रेस कांफ्रेंस कर प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक अमित मंडल ने बजट पर राज्य सरकार को घेरा। अमित मंडल ने कहा कि राज्य सरकार को सीएजी द्वारा उठाये मामले में 19132 हजार करोड़ का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1.36 लाख करोड़ का राज्य सरकार रोना बंद करे। उन्होंने कहा कि सच्चाई ये भी है कि झारखंड कोयला प्रोडक्शन में तीसरे स्थान पर है बावजूद केंद्र द्वारा झारखंड को मिलने वाला राजस्व सर्वाधिक 22 प्रतिशत है। झारखंड के जीडीपी में सेकेंडरी सेक्टर का योगदान सर्वाधिक है और केंद्र की योजनाएं इसमें समाहित है जैसे एयरपोर्ट, रेल, हाइवे, सेज निर्माण आदि। युवाओं और किसानों के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है। सात गारंटी में कोई गारंटी सरकार पूरा नहीं कर पायी है ना धान क्रय में 3200 रुपये एमएसपी मिला, ना 450 रुपये में सिलिंडर मिली ना 7 किलो अनाज मिला और ना ही हर जिले में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की बात हुई।

बजट की जानकारी कांग्रेस को पहले कैसे मिल गयी : प्रतुल शाहदेव

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि बजट की बातें कैसे लीक हो गयीं। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता ने एक दिन पहले ही बजट का आकार 1,45,000 करोड़ बता दिया था और बजट की बारीकियों पर भी चर्चा की थी। हुआ भी वही। यह सीधे तौर पर एक अत्यंत ही गंभीर मामला बनता है। बजट बनाते समय अधिकारी और कर्मचारियों को हफ्तों तक घर जाने की आजादी नहीं होती। पूरा मामला अति गोपनीय होता है। फिर यह सारी बातें कांग्रेस को कैसे पता थीं? बजट में किस मद में कितना टैक्स लगेगा या टैक्स नहीं बढ़ेगा, इन बारीक बातों की जानकारी कांग्रेस के प्रवक्ता को कैसे हो गयी? पूरी की पूरी दाल काली लगती है। मुख्यमंत्री इसकी उच्च स्तरीय जांच सीबीआइ या एसीबी से कराने के आदेश दें।

बजट में विजन का अभाव : रंजीत सिंह

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार के बजट में फोकस क्षेत्र क्लियर नहीं है। चुनाव के समय जो वादे किये गये थे उसके आलोक में प्रावधान नहीं किये गये हैं। उक्त बातें रंजीत सिंह, उद्यमी-सह-प्रदेश सह संयोजक व्यवसायिक प्रकोष्ठ ने कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इस बजट में क्या केंद्र सरकार से प्रायोजित राशि को भी सम्मिलित किया गया है अथवा नहीं? उद्योग के क्षेत्र में एवं नये मेगा सेक्टर उद्योग लगाने के क्षेत्र में कुछ भी विशेष पहल नहीं की गयी है, जिससे सरकार के जो रोजगार के क्षेत्र में दावे थे वो दूर दूर तक पूरी होते दिखायी नहीं पड़ते। सरकार का दावा पर्यटन को बढ़ावा देने का है लेकिन पर्यटन नीति के क्षेत्र में सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है। कई वर्ष पूर्व ही पर्यटन इकाइयों को उद्योग का दर्जा दे दिया गया है लेकिन इन इकाइयों को प्रोत्साहन देने के क्षेत्र में कोई पहल नहीं की गयी है।

अखंडानंद शिक्षा और संस्कार केंद्रों में आवश्यक सामग्री का किया वितरण

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। रामकृष्ण मिशन आश्रम के मार्गदर्शन में चल रहे विवेकानंद सेवा संघों द्वारा संचालित अखंडानंद शिक्षा और संस्कार केंद्र में से दस केंद्रों को रामकृष्ण मिशन आश्रम के मार्गदर्शन में आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन ने ज्ञानशाला अर्थात बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक शिक्षा देने का कार्य प्रारंभ की है। सभी केंद्रों के लिए शैक्षणिक सामग्री दरी, व्हाइट बोर्ड, वाटर फिल्टर, जग, गिलास, शैक्षणिक चार्ट, चार्जिंग बल्ब, और मार्कर पेन आदि का वितरण बदरी विवेकानंद सेवा संघ में किया गया। यह केंद्र नवागढ़ पंचायत के बड़कीगोड़ाग, बरवाटोली, मड़इटोली, खक्सी टोली, राजाबाँध, ओबर हड़रा बेड़ा, ओबर और कुच्चू पंचायत के बदरी, खभावन दो एवं कुच्चू महतो टोली में चलाया जा रहा है। मौके पर रामकृष्ण मिशन आश्रम से अखंडानंद शिक्षा, संस्कार केंद्र के विभाग प्रभारी स्वामी सुखमयानंद महराज, सहायक पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार महतो, आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के प्रतिनिधि तेजस्वी तिवारी, स्नेहा मिश्रा, सुभ्रा तिवारी, बदरी विवेकानंद सेवा संघ के सचिव अकला कुम्हार सभी एएसएसके केंद्र के शिक्षक शामिल थे।

प्रयागराज महाकुंभ में खलारी के मुन्नू शर्मा ने विश्व स्तर पर बनायी पहचान

खलारी (आजाद सिपाही)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद में आयोजित महाकुंभ मेला पूरे विश्व के लिए ऐतिहासिक रहा। 144 वर्ष के बाद ऐसे सन्योग बनने के कारण पूरे दुनिया से लोग पतित पावनी मां गंगा के अमृत स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे। इसी मेले में बच्चें बुजुर्ग महिलाएं करोड़ों की भीड़ में अपनों से जुदा हो गये। रोते बिलखते उन परिवारों के अंशुओं को पूछने का काम खलारी के लापता हेल्प डेस्क टीम ने किया। लापता हेल्प डेस्क के मुन्नु शर्मा ने बताया कि उनके टीम का नंबर कुंभ मेला कन्ट्रोल से जोड़ा गया था, जहां 24 घंटे दिन रात 1 हजार से ज्यादा कॉल्स रिसीव कर वाट्सप के जरिये लोगों की लापता सूचना एकत्रित कर उस पर यूनिसेफ की टीम के साथ 100 से ज्यादा देश और विदेश के लापता लोगों के उनके परिवारों को खोज कर मिलाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रयागराज के हरेक कंट्रोल रेलवे सुरक्षा बल कंट्रोल उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों के कंट्रोल से सीधा जुड़ कर देर रात तक लोगों को उनके घर खोज कर परिजनों से सम्पर्क कर कराया जाता रहा। वहीं उन्होंने मेले में 75 वर्षों से एनाउंसमेंट की सेवा दे रहे भारत रक्षा दल की पूरी टीम की मदद के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही लापता हेल्प डेस्क टीम के पदाधिकारियों चंदन प्रसाद पंकज प्रसाद ने अपनी अहम भूमिका निभाई है। ज्ञात हो कि मुन्नू शर्मा ने इसके पूर्व में भी देश और विदेश के 300 से ज्यादा लापता गुमसुदा लोगों को उनके अपनों से मिलाने का कार्य किया है। उनका यही कार्य कुंभ मेले में लोगों की मदद के लिए सार्थक बना जिसकी सराहना विदेशों में रह रहें परिवारों ने किया।

बजट में शिक्षा के लिए आवंटन में वृद्धि शुभ संकेत

खूंटी (आजाद सिपाही)। श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू के निदशक सकलदीप भगत ने वत्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए आवंटन में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गयी है, विशेषकर प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा में। यह राज्य के लिए शुभ संकेत है। यह वृद्धि राज्य सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उच्च और तकनीकी शिक्षा के बजट में मामूली कमी के बावजूद, नये विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की स्थापना से उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे में सुधार की उम्मीद है।

गांधी शिल्प बाजार का भव्य उद्घाटन

रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को पुराना विधानसभा मैदान एचइसी धुर्वा में छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी एवं हस्तशिल्प सेवा केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से गांधी शिल्प बाजार का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि गौतम कुमार सिंह, महाप्रबंधक नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय, रांची एवं विशिष्ट अतिथि आकाश श्रीवास्तव, सहायक निदेशक, (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता के द्वारा फीता काटकर किया गया। सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया गया। संस्था के सचिव वि. चौधरी एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्था के सचिव वि. चौधरी ने छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी की हस्तशिल्प के विकास हेतु किये गये कार्यों की व्याख्या की। सहायक निदेशक पुष्प राजन ने सभी शिल्पियों के लिए विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय द्वारा किये जा रहे कार्यक्रम का विस्तार पूर्वक वर्णन किया एवं सभी हस्तशिल्पियों को अपना-अपना उत्पाद की गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया ताकि इनके उत्पादों का विक्रय हो सके। विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक (हस्तशिल्प) आकाश श्रीवास्तव, पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता द्वारा हस्तशिल्पियों के उत्थान और अधिक आय हेतु किये जा रहे प्रयास पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक गौतम सिंह ने आये हुए हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करते हुए विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर हस्तशिल्प सेवा केंद्र रांची के सहायक निदेशक पुष्प राजन, वीर भरत मरांडी एवं भवानी प्रसाद, संस्था के अब्दुल मसिर अंसारी, प्रशांत हेर्लेकर, विकास कुमार पासवान, सगीर, फिरोज अहमद, लखन, कुंदन और कई क्रेता भी उपस्थित थे।

सोनाहातू में पशु व्यापारी से लूटकांड का खुलासा नहीं हुआ, अपराधी बेखौफ

आजाद सिपाही संवाददाता

सोनाहातु। सोनाहातू थाना क्षेत्र में एक महीने से हथियार के बल पर दो लूट कांड का पदार्फाश नहीं कर पाने से अपराधी पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं, जिससे आम आदमी डरे और सहमें हुए हैं। 7 फरवरी को पशु व्यापारियों के साथ चाकू और पिस्तौल की नोक पर पांच लाख रुपये की लूट हुई थी, अपराधी चाकु से हमला कर व्यापारी को घायल कर दिया था। फिर 17 फरवरी को जीलिंगसेरेंग डोमड़ा नदी के पास अपराधियों ने पशु व्यापारियों को बंदूक दिखाकर और चाकु मारकर 15 लाख की रकम लूट ली। दोनों लुट एक ही तरह किये गये अपराधी को पकड़ने के लिए पुलिस नाकाम साबित हुए।

इन दोनों घटनाओं में अपराधी को पुलिस नहीं पकड़ पायी : स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में गहरी चिंता है, और उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द इन अपराधियों को पकड़ने की गुहार लगाई है। लुटेरों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है।

10 किलो डोडा के साथ एक युवक गिरफ्तार

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ थाना क्षेत्र के बुरूहातु गांव के मुकुंद दास को 10 किलो डोडा के साथ गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार मुकुंद दास अपने आंगन में डोडा सुखा रहा था, जहां ईचागढ़ पुलिस को सुचना मिलते ही एसआइ बिमलेश महतो के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान 10 किलो डोडा के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि 10 किलो डोडा के साथ बुरूहातु निवासी मुकुंद दास को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि अफीम और डोडा के खिलाफ लगातार कारवाई किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अफीम खेती के खिलाफ भी कार्रवाई किया जा रहा है।

राय पंचायत भवन मं हुई ग्रामीणो की बैठक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत भवन में ग्रामीणो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता विजय पाहन एवं संचालन दुर्गा प्रसाद महतो ने किया। इस बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राय पंचायत मे रामनवमी पूजा एवं सरहुल पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक मे पिछले साल का आय व्यय का का ब्यौरा पेश किया गया। जिसके बाद रामनवमी पूजा एवं सरहुल पूजा के आयोजन पर विचार विमर्श किया गया। बैठक मे सर्वसम्मति से इसकी तैयारी व इसके सफल आयोजन को लेकर कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया, जिसको लेकर पांच मार्च को पुनः पंचायत भवन राय मे एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी है। बैठक को संबोधित करते हुए विजय पाहन ने राय पंचायत के लोगो से अपील की है कि रामनवमी पूजा एवं सरहुल पूजा को सफल बनाने के लिए पांच मार्च को होने वाले बैठक मे अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होने की अपील की है। बैठक मे प्रदीप उरांव,भरत राम,राजेश कुमार महतो, भुवनेश्वर महतो,मनोज महतो, दीपक महतो, रूपेश महतो, मंगरू मुंडा, गणेश कुमार महतो, हरिष कुमार,राम कुमार भुईया, रामअवतार राम, कालेशवर महतो, लोकन महतो, सरवण कुमार, सुखलाल महतो, राजू उरांव, संदीप कुमार, महवा महतो, हबू महतो, रितेश कुमार, राजकुमार प्रजापति, बिजय महतो, अंगरक महतो सहित कई लोग मौजुद थे।

पिपरवार में मनायी गयी पूर्व विधायक रामचंद्र राम की 16वीं पुण्यतिथि

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित युनाईटेड कोल वकर्स युनियन के कार्यालय में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और यूनियन के पूर्व क्षेत्रीय सचिव रामचंद्र राम की 16वीं पुण्यतिथि समारोह आयोजित कर मनायी गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युनियन के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव अरविंद शर्मा और संचालन रहमतुल्ला ने किया। इस कार्यक्रम के शुभारंभ में दिवंगत रामचंद्र राम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके अलावा सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहकर आम जनता की समस्याओं का समाधान करने का काम किया।

शिक्षक संघ ने आर्थिक मदद पहुंचायी

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाजार टांड़ के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) स्व पुष्कर सिंह मुंडा की विधवा पत्नी शांति देवी को सोमवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ और सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) संघ के द्वारा संयुक्त रुप से सहायता के तौर पर दोनों संगठनों ने संयुक्त रूप में 60 हजार रुपये दिये। मौके पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत बैठा, सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष पुरन महली, सचिव अनिल कुमार महतो, रविंद्र कुमार, विद्यासागर महतो, कमला देवी, शिक्षक राजेंद्र बेदिया, प्रदीप सिंह मुंडा, हरेकृष्ण महतो, मनोज सिंह मुंडा, योगेंद्र महतो, आदि मौजूद थे। ज्ञात हो कि सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) पुष्कर सिंह मुंडा का 24 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया था।

अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार दिलायें कौशल विकास केंद्र : उपायुक्त

खूंटी (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को जिला कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों के बेहतर संचालन को लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले में संचालित कौशल विकास केंद्र के संचालन की विस्तृत समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी को निर्देश दिया कि वे कौशल विकास कार्यक्रमों को प्रभावी बनाते हुए अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित करें, उन्हें प्लेसमेंट दिलाए, जिससे उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। बैठक के दौरान कौशल विकास कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार, प्रशिक्षुओं के प्लेसमेंट, उद्योगों के साथ समन्वय और आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिला नियोजन पदाधिकारी को ससमय प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट साझा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, जेएसएलपीएस के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

भूमि का सत्यापन के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना

खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल द्वारा रैयत के अधिगृहित भूमि का सत्यापन के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय खलारी के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। ग्रामीणों के इस धरना का नेतृत्व मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी कर रहे थे। मामला विश्रामपुर मौजा अंतर्गत नथु उरांव के वंशजों के 4.96 एकड़ भूमि के खलारी अंचल द्वारा सत्यापन का है। सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत केडीएच परियोजना के विस्तारीकरण के लिए उक्त भूमि का अधिग्रहण किया गया है। पंजी दो के अनुसार नथु उरांव की कुल भूमि 8.96 एकड़ थी। चार एकड़ भूमि पूर्व में ही अधिगृहित की जा चुकी है। जिसके एवज में सीसीएल द्वारा मुआवजा और नौकरी प्राप्त है। शेष 4.96 एकड़ भूमि अब सीसीएल के कब्जे में है। इससे संबंधित मुआवजा व नौकरी के लिए जमीन का सत्यापन कराने के लिए केडीएच प्रबंधन द्वारा खलारी अंचल को भेजा गया था। नथु उरांव ने वर्ष 1966 में उक्त भूमि को निर्बंधित डीड से खरीदा था। वर्ष 1968-69 में दाखिल खारिज किया गया है। केडीएच द्वारा सत्यापन की मांग करने पर अंचल अधिकारी द्वारा अपना मंतव्य लिखकर प्रबंधन को भेज दिया गया। अब्दुल्ला अंसारी का कहना है कि अंचल अधिकारी जानबूझ कर सत्यापन में अड़चन लगा रहे हैं। इसी के विरोध में धरना दिया गया है। वहीं धरना में उपस्थित नथु उरांव के वंशज विजय उरांव ने बताया कि उनके पूर्वज ने उक्त भूमि को खरीदा था। अब जब मुआवजा और नौकरी की बात आई तो सत्यापन में मामला फंस गया।

दो बाइकों की आपस में टक्कर, चार युवक घायल

मुरी (आजाद सिपाही)। मुरी गोला मुख्य मार्ग पर भिखारी चौक के समीप सोमवार की दोपहर में दो बाइकों में आपस में भिड़ंत होने से चारों युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार आरटीसी स्कूल सिंगपुर मुरी के तीन छात्र लोदमु निवासी भानु महतो, लोसेरा निवासी उदीत महतो, लोसेरा निवासी प्रताप कुमार महतो बोर्ड एग्जाम देकर एक ही बाइक पर तीनों सवार होकर घर जा रहे थे। उसी दौरान वीपरीत दिशा से आ रही वनवाडीह निवासी गौतम मांझी के बाइक के साथ जोरदार टक्कर हो गया जिससे तीनों छात्रों समेत एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रशासन द्वारा चारों घायलों को इलाज के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया। जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

जिला जज ने अदालत की तैयारियों की समीक्षा की

खूंटी (आजाद सिपाही)। व्यवहार न्यायालय परिसर में आठ मार्च को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला जज ने बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में इंश्योरेंस से संबंधित अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें, और वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वे अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की है कि वे मामले के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुंचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन कराये। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित बैठकें लगातार हो रही हैं और कुछ मामलों का निष्पादन प्रि-कांसिलिएशन बैठकों के माध्यम से पिछले आठ जनवरी से ही जारी है। सक्षम निःशुल्क और सुलभ न्याय के लिए लोग अपने वादों को समाप्त करने के लिए न्यायालय में उपस्थित हों।

तिरूलडीह थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन, भूमि विवाद मामलों का हुआ निपटारा

आजाद सिपाही संवाददाता

ईचागढ़। तिरुलडीह थाना परिसर में सोमवार को कुकडू के अंचलाधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान की अध्यक्षता में विशेष जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विवाद से जुड़े 23 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से कई मामलों का मौखिक समाधान मौके पर ही किया गया। ग्रामीणों के अनुसार यह पहली बार हुआ तिरुलडीह थाना परिसर में भूमि विवाद निवारण के लिए जनता दरबार आयोजित किया गया। इस पहल से प्रशासन और जनता के बीच संबंध मजबूत होंगे। वहीं कुकडू अंचल के अंचलाधिकारी सतेन्द्र नारायण पासवान ने कहा कि कुकडू अंचल क्षेत्र में भूमि विवादों के कारण कई बार खूनी संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसे मामलों को सुलझाने के लिए थाना परिसर में जनता दरबार आयोजित किया गया ताकि विवादों का समाधान त्वरित और निष्पक्ष रूप से किया जा सके। उन्होंने बताया कि जनता दरबार में कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि के आपसी बंटवारे और नापी से जुड़े विवाद प्रमुख थे। कई मामलों का मौखिक समाधान मौके पर ही हुआ, शेष मामलों को सात दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्णय लिया गया है, और प्रशासन और पुलिस के संयुक्त प्रयास से समस्याओं के समाधान में तेजी आयी है। अंचलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद के मामलों में लॉ एंड ऑर्डर बनाये रखने में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। ऐसे जनता दरबार पुलिस की निगरानी में भयमुक्त वातावरण में संपन्न होते हैं, जिससे समाधान प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनती है। अंचलाधिकारी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि लोग आपसी झगड़ों से बचें और प्रशासन की मदद लें। भूमि विवादों को कानून के दायरे में रहकर हल करें। वहीं सड़क दुर्घटना में मुआवजा न मिलने से जुड़े सवाल पर अंचलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना मामलों में प्रक्रिया को पूरा करने पर ही मुआवजा राशि दी जाती है। अंचलाधिकारी ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कैंप आयोजित किए जायेंगे ताकि लोगों को ब्लॉक ऑफिस में भीड़ का सामना न करना पड़े और उनके कार्य सुगमता से हो सकें। जनता दरबार में जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार, उप प्रमुख एकराम अंसारी, ईचाडीह पंचायत मुखिया चित्तरंजन सिंह मुंडा, चौड़ा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रामलाल सिंह मुंडा, लेटेमदा पंचायत मुखिया इंद्रजीत सिंह, बाकरकुडी ग्राम प्रधान रवि प्रामाणिक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। तिरुलडीह थाना में जनता दरबार का आयोजन जनता और प्रशासन के बीच मजबूत समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल भूमि विवादों का समाधान होगा बल्कि प्रशासनिक प्रक्रिया भी सुगम होगी।

13 को सरहुल महोत्सव का होगा आयोजन

खलारी (आजाद सिपाही)। एनके एरिया सरना समिति की बैठक चुरी उत्तरी पंचायत भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता रंथू उरांव और संचालन कंहाई पासी ने किया। बैठक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरहुल पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। यह सरहुल महोत्सव एनके एरिया डकरा में 13 अप्रैल को मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सरहुल पूजा महोत्सव में भव्य शोभायात्रा निकालने पर भी सहमति बनी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कमिटि गठन के लिए एक बैठक सात मार्च को चुरी उत्तरी पंचायत भवन में शाम में रखी गयी है। बैठक में बिरजू लोहरा, लालचंद विश्वकर्मा, अशोक उरांव, राजेंद्र उरांव, अमित लकड़ा, सुकरा उरांव, रमेश तुरी, दिलीप गंझु, नुंदन गंझु, बबलू उरांव, रमेश गंझु, दिनेश गंझु, अमर भोगता सहित कई लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 04 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in

झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदातृ परिषद् का गठन होगा

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण

बजट : 3 हजार 384 करोड़ 45 लाख 97 हजार रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। छात्रावासों का निर्माण योजनांतर्गत उच्च शिक्षा ग्रहण करने के क्रम में अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ निःशुल्क आवासन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रमुख शहरों में बहुमंजिला मॉडल छात्रावासों का निर्माण चरणबद्ध तरीके से कराया जा रहा है। मराड़, गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से युनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड नॉर्दन आयरलैंड में अवस्थित चयनित विश्वविद्यालयों/ संस्थानों में चयनित कोर्स में उच्च स्तरीय शिक्षा यथा मास्टर्स /एमफिल डिग्री ग्रहण करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना से अब अनुसूचित जनजाति के साथ-साथ अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को भी आच्छादित किया गया है। राज्य के सरकारी विद्यालयों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग के वर्ग 8 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में शैक्षणिक निरंतरता को प्रोत्साहित करने एवं ड्रॉप आउट रेट रोकने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। जनजाति समुदायों के सतत विकास, सामाजिक उत्थान और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए नये जनजातीय विश्वविद्यालय खोले जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। यह जनजातीय समुदायों के समृद्ध सांस्कृतिक पहचान एवं विरासत को संरक्षित करने का उत्कृष्ट केंद्र बनेगा। झारखंड जनजातीय परामर्शदातृ परिषद् की तर्ज पर राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदातृ परिषद् का गठन किया जायेगा।

जल संसाधन

बजट: 2 हजार 257 करोड़ 45 लाख 55 हजार रुपये

स्वर्णरेखा परियोजना पर 350 करोड़ रुपये होंगे खर्च

रांची (आजाद सिपाही)। सिंचाई सुविधाओं और सिंचाई क्षमता के विस्तार को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2025-26 में जल संसाधन के लिए 2 हजार 257 करोड़ 45 लाख 55 हजार रुपये का बजट प्रस्तावित है। वृहद् एवं मध्यम सिंचाई प्रक्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 779 करोड़ 20 लाख का योजना प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसमें नयी सिंचाई परियोजना का निर्माण एवं पुरानी सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण कराने का लक्ष्य है। पूर्ण एवं अपूर्ण वृहद् एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के पुनर्स्थापन, जीर्णोद्धार, विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए 136 करोड़ का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त स्वर्णरेखा परियोजना पर आगामी वित्तीय वर्ष में 350 करोड़ का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है। पीरटांड प्रखंड में बराकर नदी पर वीयर का निर्माण कर भूमिगत पाइप लाइन के माध्यम से जल उठाव कर पौरटांड प्रखंड में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना जुलाई, 2024 में प्रारंभ की गयी है, जिसे आगामी 3 वर्षों में 639 करोड़ 20 लाख की लागत से पूर्ण कराने का लक्ष्य है। लघु सिंचाई प्रक्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 352 चेकडैम, 3 वीयर एवं 10 सोलर उद्वह सिंचाई योजनाओं का निर्माण एवं 185 मध्यम सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापन कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है, जिससे 29,722 हेक्टेयर सिंचाई सुविधा सृजित/पुनर्जीवित की जा सकेगी।

कृषि, ग्रामीण विकास और सामाजिक उत्थान पर विशेष जोर दिया गया : डॉ अमर कुमार चौधरी

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। रांची यूनिवर्सिटी वाणिज्य और व्यवसाय प्रबंधन विभाग के हेड व डीन डॉ अमर कुमार चौधरी ने झारखंड बजट 205-26 पर कहा कि इसमें कृषि और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी गयी है। किसानों को कृषि यंत्रों के लिए 140 करोड़ रूपये, तालाब डीप बोरिंग के लिए 203 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। मंईयां सम्मान योजना के तहत 13,363 करोड़ 35 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। झारखंड सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की थी। इस योजना में पहले एक हजार रूपये प्रतिमाह योग्य महिलाओं को मिलते थे। 2024 में इसे बढ़ाकर ढाई हजार रूपये प्रतिमाह कर दिया गया। यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। लेकिन इसका लाभ उन्हीं महिलाओं को मिलना चाहिए जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है। सरकार को पारदर्शिता, सही लाभार्थियों की पहचान, जागरुकता, आसान आवेदन प्रक्रिया और नियमित समीक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि इसका अधिकतम लाभ मिले। हालांकि इसे लागू करते समय राज्य पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को भी ध्यान में रखना जरूरी है।

झारखंड कुरमी महासभा रांची जिला इकाई की हुई बैठक

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। झारखंड कुरमी महासभा रांची ज़िला इकाई की एक बैठक सोमवार को मासु स्थित प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो के आवास पर हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बालकुमार महतो ने किया। बैठक में प्रदेश कमेटी के निर्देश पर झारखंड कुरमी महासभा रांची जिला कमेटी का पुनर्गठन/चुनाव आगामी 9 मार्च दिन रविवार को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि 9 मार्च 2025 को पूर्वाहन 11 बजे मासू (मंडप के समीप, टाटी रोड) में जिला कमेटी का पुनर्गठन होगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन महतो, प्रदेश महिला कोषाध्यक्ष श्रीमती बिमला देवी, ज़िला महासचिव ज्योतिष कु महतो, जिला उपाध्यक्ष बृजलाल महतो, समलनाथ महतो, प्रखंड अध्यक्ष सकलनाथ महतो, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी, मुलु महतो, फलिंद्र महतो, समलनाथ महतो, बैजनाथ महतो, श्रीमती सरिता देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक सदस्य आचार्य वासुदेव नाथ का निधन

बासुदेव नाथ मिश्रा की फाइल फोटो

ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक सदस्य सह समाजसेवी ठाकुरगांव निवासी पंडित आचार्य बासुदेव नाथ मिश्रा (100) का निधन सोमवार को अपराह्न 3 बजे अपने निवास में हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व मिश्रा धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया करते थे। इनका अंतिम संस्कार मंगलवार को स्थानीय एकैसी महादेव मुक्तिधाम में किया जाएयेगा। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये। इनके निधन पर केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सदस्य प्रो आदित्य प्रसाद साहू, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामचंद्र नायक, लाल जयकुमार नाथ शाहदेव, लक्ष्मी नारायण तिवारी, मुखिया सचिन पाहन समेत अन्य ने गहरा शोक प्रकट किया है।

इटकी में सरहुल पूजा समिति का गठन

इटकी (आजाद सिपाही)। 12 परहा इटकी के तत्वावधान में सरना स्थल में सोमवार 12 पड़हा क्षेत्र के लोगों का एक सभा आयोजित कया गाया। आयोजित सभा में सरहुल पूजा समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष बीरा उरांव, उपाध्यक्ष मंगा उरांव, सचिव सूरज उरांव, कोषाध्यक्ष अजय उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष श्रीनाथ उरांव सहित ग्यारह कार्यकारणी सदस्य चुने गये। सभा में 12 पड़हा के भोला उरांव, सुधीर उरांव, अमन उरांव, विजय खलखो, बंधन उरांव, चंदन उरांव, मुन्ना कुजूर सहित 12 पारहा क्षेत्र के कई गांव के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

मंदिर की पहली वर्षगांठ पर निकाली गयी कलश यात्रा

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड के लालगंज गांव में पिपलेश्वर धाम मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। इस अवसर पर कलश यात्रा भंगी नदी से निकाली गयी। नरेश साहू सपत्नी मुख्य यजमान हुए और उनके अगुवाई में कलश यात्रा और भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेम साहू, मुन्ना बड़ाइक, शिवा साहू शंकर साहू, लखन साहू आदि उपस्थित थे।

कल्पना सोरेन ने विस में मनाया जन्मदिन अपने हाथों से खिलाया हेमंत को केक

आजाद सिपाही संवाददता

रांची। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को अपना जन्मदिन मनाया। कल्पना सोरेन तीन मार्च 2025 को 40 साल की हो गयीं। झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के बाद विधायक कल्पना सोरेन का जन्मदिन मनाया गया। सीएम पति हेमंत सोरेन और पार्टी के अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कल्पना सोरेन ने केक काटा। कल्पना ने अपने हाथों से हेमंत सोरेन को केक खिलाया, जिसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अपने हाथों से कल्पना को केक खिलाया।

बारीडीह में फैमली केयर फार्मा का उद्घाटन, 24 घंटे मिलेगा इलाज

एक सप्ताह 3 मार्च से 10 मार्च तक मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड के बारीडीह गांव में रांची गुमला मुख्य मार्ग में सोमवार को फैमली केयर फार्मा उद्घाटन समाज सेवी एतवा उरांव व बसंती देवी ने फीता काटकर किया। मौके पर एतवा उरांव ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने में फैमली केयर फार्मा मील का पत्थर साबित होगा। इस तरह के फार्मा के खुलने से प्रखंड के लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं क्षितिस कुमार राय ने कहा क्षेत्र में नर्सिंग होम की कमी महसूस हो रही थी, जो अब दूर हो जायेगी। 24 घंटे सेवा प्रदान करने वाला फैमली केयर फार्मा में बेहतर इलाज मिलेगा। अब इलाज के लिए शहर जाना नहीं पड़ेगा। वहीं जुगेश उरांव ने कहा कि इस तरह की फैमिली केयर की कमी खल रही थी, जो दूर होता नजर आ रहा है। यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। वहीं संचालिका संगीता खलखो ने बताया कि फैमली केयर फार्मा में चार डॉक्टर जिनमें डॉ सनल सोनू बरवार स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ समिता तिर्की जेनरल फिजिशियन डॉ अविनाश कुमार सिंह और डॉ गगेश होंगे। उन्होंने कहा कि हमारे यहां एक सप्ताह का 3 मार्च से 10 मार्च तक मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। ग्राम प्रधान बिरसा उरांव, धनंजय राय, मुन्ना बड़ाइक, सूरज उरांव, गुणा भगत, निर्मल तिग्गा, पवन, सुजीत राय, रमेश सहित कई लोग मौजूद थे।

आशा लकड़ा ने बारीडीह आवासीय स्कूल का किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

